समाचार

सफाई कार्य में लापरवाही, स्वच्छता एजेंसियों पर लगा 20 हजार जुर्माना

(स्वच्छता पर्यवेक्षकों को शो–काज नोटिस, आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने विभिन्न स्थानों पर किया सफाई कार्यो का निरीक्षण)

कोरबा 20 मई 2019 –आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने आज सफाई कार्यो में लापरवाही बरतने पर दो स्वच्छता कार्य एजेंसियों पर 20 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया है, साथ ही संबंधित स्वच्छता पर्यवेक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के साथ ही कड़ी फटकार लगाते हुए सफाई कार्यो में पूरी गंभीरता बरते जाने के निर्देश दिए हैं।

आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने आज निगम के स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत को साथ में लेकर निगम के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर साफ–सफाई कार्यो का सघन निरीक्षण किया। वार्ड क्र. 23 कृष्णानगर में निरीक्षण के दौरान नालियों में गदंगी तथा यहां–वहां कचरा फैले देख आयुक्त श्री दुबे ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए स्वच्छता कार्य एजेंसी को कड़ी फटकार लगाई तथा 10 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आयुक्त श्री दुबे ने वार्ड क्र. 13 टी.पी.नगर लालूराम कालोनी में निरीक्षण के दौरान नालियों की सफाई न होने तथा उनमें मलवा जमा होने को गंभीरता से लेते हुए सफाई कार्य ठेकेदार पर 10 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया एवं वहां के स्वच्छता पर्यवेक्षक को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिया है। इस दौरान आयुक्त श्री दुबे ने निगम के स्वच्छता निरीक्षकों, पर्यवेक्षकों एवं सफाई कार्य के ठेकेदारों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सफाई कार्यो का संपादन पूरी गंभीरता एवं निर्धारित पैमाने के अनुरूप किया जाए। स्वच्छता कार्यो में लापरवाही व उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा जिम्मेदार पर और अधिक कड़ी कार्यवाही होगी।

<u>बड़े नालों की सफाई में तेजी लाए</u>–नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वर्षा पूर्व क्षेत्र के समस्त बड़े नालों की सफाई का कार्य किया जा रहा है, अभी तक 28 बड़े नालों के सफाई का कार्य पूर्ण किया गया है, जबकि 07 बड़े नालों के

सफाई कार्य किया जाना है, जो कि प्रगति पर है। आयुक्त श्री एस.के.दुबे ने अधिकारियों निर्देशित करते हुए कहा कि बड़े नालों के सफाई कार्यो में और अधिक तेजी लाए तथा कार्यो को अंतिम रूप दें। भ्रमण के दौरान उन्होने टी.पी.नगर शुभदा काम्पलेक्स स्थित बड़े नाले का निरीक्षण किया, उक्त नाले की सफाई का कार्य पूर्ण किया जा चुका था किन्तु कुछ मात्रा में पुनः मलवा जमा हो गया है, आयुक्त श्री दुबे ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुनः सफाई कराए, साथ ही अन्य ऐसे बड़े नाले जिनकी सफाई हो चुकी है, उनका भी निरीक्षण करें, यदि पुनः मलवा दिखाई देता है तो सफाई का कार्य कराए ताकि वर्षा के दौरान पानी की समुचित निकासी सुनिश्चित की जा सके।

<u>सी.एण्ड डी.वेस्ट पर लगा जुर्माना</u>– कृष्णानगर में एक व्यक्ति द्वारा सड़क एवं नाली में सी.एण्ड डी. वेस्ट डम्प कर दिया गया था, जिससे नाली में अवरोध होने के साथ ही सड़क पर आवागमन बाधित होता है, आयुक्त श्री दुबे ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित पर एक हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित करने एवं वेस्ट को तत्काल हटवाए जाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार टी.पी.नगर काफी हाउस रोड पर डम्प किए गए सी.एण्ड डी. वेस्ट पर नाराजगी जताते हुए संबंधित व्यक्ति का पता कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

<u>सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फेंकने आयुक्त ने की अपील</u>– आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि घरों एवं दुकानों से निकले अपशिष्ट को सार्वजनिक स्थानों, सड़क, नालियों, चौक–चौराहों आदि में न डालें, सूखे एवं गीले कचरे को पृथक–पृथक डस्टबिन में संग्रहित करके रखें तथा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु पहुंचने वाले निगम के सफाईमित्र के वाहन में ही कचरे को डाले एवं शहर को साफ–सुथरा रखने व निगम की सफाई व्यवस्था के सुचारू संचालन में अपना सहयोग दें।